LT FOODS
NURTURING GOODNESS

Great Place To Work. Certified FEB 2024-FEB 2025 INDIA

www.ltfoods.com

LT FOODS LIMITED
MVL - I Park, 4th Floor Sector-15,
Gurugram - 122001, Haryana, India.
T: +91-124-3055100 | F: +91-124-3055199
Email: info@ltfoods.com
CIN NO.: L74899DL1990PLC041790

REGISTERED OFFICE
Unit - 134, 1st Floor, Rectangle-1,
Saket District Center, Saket,
New Delhi-110017, India.
T: +91-11-29565344 | F: +91-11-29563099

REF: LTF/SE/2026-27 **Date: 14.09.2026**

To,

The Department of Corporate Relations **BSE Limited** Phiroze Jeejebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai – 400001	The Secretary **National Stock Exchange of India Limited** Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1, G-Block Bandra-Kurla Complex Bandra (E), Mumbai.

<u>Ref. Code: 532783, Scrip ID: LTFOODS</u>

<u>Subject: Newspaper Advertisement - For Transfer of Equity Shares and unclaimed / unpaid dividends to Investor Education and Protection Fund (IEPF)</u>

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 30 read with Schedule III Part A and Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of newspaper advertisement in Financial Express (English) and Jansatta (Hindi) published on September 14, 2026. The advertisement contains Notice to the shareholders who have not claimed their dividends for seven or more consecutive years and whose shares and unclaimed / unpaid dividends are liable to be transferred to IEPF Authority.

This is pursuant to the provisions of Section 124(6) of the Companies Act, 2013 read with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 and amendments thereof.

The above information is also available on the website of the Company www.ltfoods.com

Request you to kindly take the above information on records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **LT Foods Limited**

MONIKA JAGGIA
Digitally signed by MONIKA JAGGIA
Date: 2026.09.14 16:54:00 +05'30'

Monika Chawla Jaggia
Company Secretary & Compliance Officer
Membership No. – F5150

UK RECOGNITION BOOSTS NATION'S PROSPECTS

India's carbon mkt shifts from compliance to trade

SAURAV ANAND
New Delhi, September 13

INDIA'S NASCENT CARBON market is rapidly moving beyond a domestic emissions-compliance mechanism to become a trade and industrial competitiveness tool, as the government begins integrating carbon pricing into its trade strategy and overseas markets start recognising costs paid under the country's Carbon Credit Trading Scheme (CCTS).

The shift could have direct consequences for Indian exporters. The UK has recognised India's CCTS among carbon-pricing mechanisms that can qualify for relief under its Carbon Border Adjustment Mechanism (CBAM), which will apply from January 1, 2027, to specified imports, including iron and steel, aluminium, cement, fertilisers and hydrogen. Carbon costs actually paid in India could therefore reduce the corresponding UK liability, subject to verification and recognition rules. The development comes as New Delhi itself begins linking the domestic carbon market more closely with trade policy. In July 2026, the Department of Commerce launched a series of consultations on trade and sustainable development, specifically examining India's domestic carbon framework, global carbon pricing, CBAMs and their implications for industrial competitiveness and future free trade agreements.

This marks the next stage in a market that has spent the past three years building its architecture.

The government launched the Indian Carbon Market portal in March, while official data showed nine notified methodologies and more than 40 registered entities submitting offset projects in biogas, hydrogen and forestry. On the compliance side, greenhouse-gas emission-intensity targets had been notified for nearly 490 obligated entities across seven energy-intensive sectors.

Under the CCTS, companies that outperform their notified emission-intensity targets can receive tradable Carbon Credit Certificates, while entities that fall short need to meet their compliance obligations through the market. The framework also has an offset mechanism for projects outside the obligated sectors.

"The UK decision is an important signal that India's carbon-pricing framework can have relevance beyond its borders," said Manish Dabkara, chairman and managing director, EKI Energy Services, and president, Carbon Markets Association of India. However, relief would not be automatic and would depend on the carbon price actually paid, the emissions covered and independently verified records, he said.

CARBON TRADE

- The shift could have direct consequences for Indian exporters
- Commerce ministry links carbon pricing to trade policy, including CBAMs, industrial competitiveness, future FTAs

- Indian carbon market moving into its operational phase, after 3 years of building framework
- Over 489 entities face emission-intensity targets across 7 sectors

India supplied over 68% of Russia's Aug fuel imports

SAURAV ANAND
New Delhi, September 13

INDIA SUPPLIED 70% of Russia's oil-product imports in August, shipping 120,000 tonne of petrol worth €78 million from Nayara Energy's Vadinar refinery, as sustained Ukrainian strikes on Russian refineries forced Moscow to increasingly buy back fuel processed from its own crude.

Russia imported a record 172,000 tonne of oil products worth €114 million during the month, more than seven times its previous monthly high and three times the volume imported during all of 2025, according to the Centre for Research on Energy and Clean Air (CREA).

Petrol accounted for 74% of Russia's August product imports, compared with an average of just 6% during 2023-25.

India accounted for 94% of Russia's petrol imports, with the entire 120,000 tonne loaded at Vadinar and sold by EU-sanctioned Nayara Energy to Rosneft.

Rosneft owns 49.13% of Nayara, while the Vadinar refinery sourced 100% of its crude from Russia during January-August 2026, compared with 81% in 2025.

"Russia is therefore paying a refinery that it partly owns to process its own crude into fuel it can no longer produce domestically," CREA said.

The flows mark a sharp expansion of a trade reversal already underway.

FE had earlier reported that India shipped 1.66 million barrels of gasoline to Russia during June-July.

Jindal Steel enters Guinness World Records

JINDAL STEEL HAS received recognition from the Guinness World Records for constructing the world's longest road using steel slag aggregates.

Steel slag is a waste by-product of the steel manufacturing process. Jindal Steel Limited, in collaboration with CSIR-Central Road Research Institute (CSIR-CRRI), has achieved a Guinness World Records title for constructing the longest road built exclusively with processed steel slag aggregates at Raigarh in Chhattisgarh, a company statement said. Around 2 lakh tonne of processed steel slag has been used to build the 1.85-km four-lane road. **PTI**

Punjab and Haryana farmers to get first carbon credits for climate-friendly crops

SANDIP DAS
New Delhi, September 13

IN A FIRST-OF-its-kind initiative to incentivise smallholder farmers for adoption of environmentally sustainable agriculture practices, rice farmers in Punjab and Haryana will be awarded carbon credits on Monday.

More than 2,500 smallholder farmers in Punjab and Haryana will receive financial incentives for adopting practices such as direct seeding and low tillage residue management, which reduce emissions and store carbon in the soil, during 2019–2022.

Farmers who joined the carbon credit programmes after 2022 are currently under audit, and will be paid as their credits are issued and sold by Grow Indigo, a joint venture between the domestic seed major Mahyco and US-based Indigo. "Most farmers are receiving between ₹3,000 and ₹15,000 each. Payments are being made digitally with complete traceability, from our own funds, ahead of the complete sale of credits," the company said.

The first payments for carbon credits to farmers will be released digitally at an event at Punjab Agricultural University, Ludhiana on Monday.

Direct seeding of rice, in place of transplanting, saves 1.4 million litres of water per hectare, and reduced burning of crop residue cuts PM2.5, a major air pollutant, the company stated. The first issuance of carbon credits covers around 30,000 acres across Punjab and Haryana, generating more than 50,000 carbon credits.

"For the first time in India, a farmer is being paid for the carbon their soil holds. This will impact smallholder farmer livelihoods positively in a sustainable manner, and we will continue to bring interventions which help farmers with challenges faced due to climate change," Usha Barwale Zehr, executive director, Grow Indigo, said.

According to Umang Agarwal, COO of Carbon, Grow Indigo, the company is currently engaged with over 100,000 farmers across one million acres in Punjab and Haryana, on sustainable farm practices, and farmers would eventually be encouraged to shift to growing maize from water-intensive rice production.

The audit of the programme was completed under the carbon standard (Verra) protocol, which is a global voluntary greenhouse gas (GHG) reduction programme.

"We are aiming to generate one million carbon credits annually by 2027," Zehr had earlier stated.

According to scientists, the issuance of credit under Verra's methodology is considered one of the most rigorous standards for smallholder farmers in land management.

Farmers who adopt farming techniques – direct seeded rice, which improves water use efficiency, and no tillage practice which conserves soil organic biomass, prior to planting of paddy and wheat register for the programme for getting carbon credit.

Carbon credits from farmers can be purchased by those industries, especially aviation, mining, or manufacturers of fertiliser, who are not in a position to reduce their carbon footprints because of the very nature of their business.

खबर कोना

गांधीनगर में छत से गिरकर युवक की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर इलाके में रविवार सुबह एक इमारत की छत से गिरकर 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह पांच बजकर 20 मिनट पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति सड़क पर निर्वस्त्र अवस्था में पड़ा है और उसके सिर से खून बह रहा है। गांधी नगर थाने की एक टीम अपराध और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची तथा उसने जांच शुरू की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान बिहार के किशनगंज पिपला निवासी दीपक के तौर पर हुई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि दीपक खुद छत से गिरा या उसे किसी ने धक्का दिया।

तिब्बती युवा कांग्रेस के 30 सदस्य हिरासत में लिए गए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

दिल्ली पुलिस ने ब्रिक्स सम्मेलन स्थल भारत मंडपम के पास प्रदर्शन कर रहे तिब्बती युवा कांग्रेस के 30 से अधिक सदस्यों को हिरासत में ले लिया। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि प्रदर्शनकारी राष्ट्रीय राजधानी में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए चीनी प्रतिनिधिमंडल के खिलाफ कथित रूप से प्रदर्शन कर रहे थे, तभी उन्हें हिरासत में लिया गया। इससे पहले भी शुक्रवार को कुछ तिब्बती प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया था।

साप्ताहिक थाना दिवस पर 2,300 शिकायतों की सुनवाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के सभी छह रेंज के पुलिस थानों में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक ह्यथाना दिवस-जनसुनवाईह्न के दौरान 2,333 शिकायत और फरियादों की सुनवाई की। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह जनसुनवाई पुलिस और जनता के बीच सशक्त संवाद तथा शिकायत निवारण में सुधार के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस मौके पर संयुक्त पुलिस आयुक्त और सहायक पुलिस आयुक्त समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न पुलिस थानों में जनसुनवाई में हिस्सा लिया तथा नागरिकों से सीधे बातचीत की।

चोरी करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर दो लाख रुपए नकद, चांदी की अंगूठियां और अन्य सामान चोरी होने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कथित रूप से 1.51 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि शिकायतकर्ता ने तीन सितंबर को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका बैग कथित रूप से चोरी हो गया है। इसमें दो लाख रुपए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि फुटेज और लगातार की गई जांच के आधार पर आरोपियों अश्विनी कुमार (33) और दिलीप राठौर (36) को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के टैक्सी स्टैंड से पकड़ लिया गया।

ई-रिक्शा चालक की चाकू घोंपकर हत्या, परिजनों ने लगाया जाम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

बाहरी-उत्तर दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में अज्ञात हमलावरों ने एक ई-रिक्शा चालक की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। घटना के बाद इंसाफ की मांग को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों ने रविवार को शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार देर रात हुई, जब अभिषेक (25) पर मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। युवक के पिता शोभाराम प्रजापति ने बताया कि ई-रिक्शा चलाने वाला अभिषेक अपने परिवार का इकलौता सहारा था। प्रजापति ने आरोप लगाया कि चाकू मारे जाने के बाद जमीन पर खून से लथपथ पड़े और तड़प रहे उनके बेटे की मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। पिता ने कहा, जब मुझे फोन आया, तो मैंने फोन करने वाले से मेरे बेटे को एक निजी अस्पताल ले जाने की गुजारिश की। मैंने उन्हें पैसे चुकाने का भरोसा भी दिलाया, लेकिन उसे एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि अभिषेक शादीशुदा था और उसकी कोई संतान नहीं थी। पीड़ित पिता ने कहा, वह हमारा इकलौता सहारा था। घटना के विरोध में परिजनों और स्थानीय निवासियों ने रविवार को एक जगह इकट्ठा होकर अभिषेक के शव को सड़क पर रख दिया। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही बाहरी-उत्तर दिल्ली के अपर पुलिस उपायुक्त सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

अधिकारियों द्वारा मामले में सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन शव को दाह संस्कार के लिए ले जाने पर सहमत हुए। अपर पुलिस उपायुक्त ने बताया कि हत्या में शामिल आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

लूटपाट के दौरान युवक को चाकू मारा, दो नाबालिग पकड़े गए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के चौहान बांगर इलाके में दो नाबालिगों ने कथित तौर पर 18 वर्षीय एक युवक को चाकू मारकर उसका स्कूटर और कुछ नकदी लूट ली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार सुबह करीब 5:15 बजे हुई थी और इस सिलसिले में जांच को आगे बढ़ाते हुए दो नाबालिगों को पकड़ा गया है। आरोपियों ने कथित तौर पर इलाके की एक हस्तशिल्प फैक्टरी में काम करने वाले आबिद पर चाकू से हमला किया और उसका स्कूटर तथा नकदी लेकर फरार हो गए। उसे तत्काल इलाज के लिए जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद जाफराबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

दिल्ली में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

पांच माह में 730 गिरफ्तार, 2.20 लाख बोतलें व 197 वाहन जब्त

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग ने शराब तस्करी के नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए पिछले पांच महीनों में 730 लोगों को गिरफ्तार किया और 725 प्राथमिकी दर्ज कीं। विभाग की प्रवर्तन टीम की छापेमारी के दौरान शराब की 2.20 लाख बोतल बरामद की गईं और 197 वाहनों को जब्त किया गया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार अवैध शराब के कारोबार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर काम कर रही है। इसी उद्देश्य से दिल्ली सरकार एक प्रभावी आबकारी नीति भी तैयार कर रही है। आबकारी विभाग के अनुसार, दिल्ली की भौगोलिक सीमाएं पड़ोसी राज्यों से जुड़ी होने के कारण यहां करीब 70 छोटे-बड़े प्रवेश मार्ग हैं। इन मार्गों के जरिए अवैध शराब की तस्करी की संभावना बनी रहती है। इसे देखते हुए विभाग की प्रवर्तन शाखा लगातार निगरानी रखती है। आबकारी विभाग के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से अगस्त की समान अवधि के दौरान विभाग ने 315 एफआइआर दर्ज की थीं और 312 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस अवधि में 112 वाहन जब्त किए गए थे तथा करीब एक लाख बोतल अवैध शराब बरामद की गई थी। इस वर्ष इसी अवधि में प्रवर्तन गतिविधियों में वृद्धि हुई है।

नई आबकारी नीति पर भी काम कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार एक नई आबकारी नीति पर भी काम कर रही है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करना, शराब के कारोबार का जिम्मेदार नियमन, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अलावा सरकार के लिए राजस्व भी बढ़ाना है। त्योहारों के दौरान दिल्लीवासियों को किसी तरह की असुविधा न हो। वैध शराब की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाना सरकार की प्राथमिकता है।

वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल से अगस्त 2026 तक अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के मामलों में 725 एफआइआर दर्ज कर 730 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान अवैध शराब लेकर जा रहे 197 वाहनों को जब्त करने के साथ करीब 2.20 लाख बोतल अवैध शराब भी बरामद की गई हैं।

लाइसेंस प्राप्त परिसरों में नियमों के उल्लंघन के मामलों में भी कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में सात एफआइआर दर्ज कर संबंधित बार को सील और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की गई है।

मुख्यमंत्री (आबकारी विभाग की प्रभारी मंत्री भी हैं) ने कहा कि दिल्ली सरकार एक नई आबकारी नीति पर भी काम कर रही है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करना, शराब के कारोबार का जिम्मेदार नियमन, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अलावा सरकार के लिए राजस्व भी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान दिल्लीवासियों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए वैध शराब की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाना सरकार की प्राथमिकता है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

नहीं मिल रहा प्रवासी नागरिकों को राशन

कोटाधारकों ने कहा, बीते दस दिनों से काम नहीं कर रहा सर्वर

अनामिका सिंह
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

तकनीकी दिक्कतों के कारण घंटों लाइन में लगने के बाद भी प्रवासी राशन कार्डधारियों को राजधानी में सरकारी राशन लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाल यह है कि बीते करीब दस दिनों से अपना काम छोड़कर गरीब प्रवासी मजदूर लाइन में लगते हैं लेकिन जब उनकी बारी आती है तो पता चलता है कि सर्वर काम नहीं कर रहा है। इससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

मालूम हो कि 'एक राष्ट्र, एक राशनकार्ड' के अंतर्गत दिल्ली में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओड़ीशा, उत्तराखंड, राजस्थान व हरियाणा सहित अन्य प्रदेशों से आए करीब साढ़े चार लाख प्रवासी राशन कार्डधारी हर महीने राशन का लाभ ले रहे हैं। केंद्र सरकार के आदेश पर तीन महीने का राशन वितरित भी किया जा रहा है लेकिन राशन वितरण के लिए प्रयोग किया जाने वाला सार्वजनिक वितरण प्रणाली का एकीकृत प्रबंधन (आइएमपीडीएस) सर्वर ही बीते दस दिनों से काम नहीं कर रहा है।

दुकान से अपना राशन लेने आई पुष्पा ने कहा, बीते दस दिनों से लगातार मैं अपना काम छोड़कर राशन दुकानों के चक्कर लगा रही हूं। तीन-चार घंटे रोजाना खड़े रहने के बाद भी अभी तक राशन नहीं मिल पाया है।

हाल यह है कि राशन वितरण की ई-पोस मशीन में पूरी प्रक्रिया होने के बाद 'डेकलाइन' या 'राज्य सरकार से कोई मान्य प्रतिक्रिया नहीं' लिखा हुआ आ रहा है, जिससे प्रवासी राशनकार्डधारी अपना राशन नहीं ले पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के कार्ड पर घेवरा की एक राशन दुकान से अपना राशन लेने आई पुष्पा ने कहा, बीते दस दिनों से लगातार मैं अपना काम छोड़कर राशन दुकानों के चक्कर लगा रही हूं, तीन-चार घंटे रोजाना खड़े रहने के बाद भी अभी तक राशन नहीं मिल पाया है। दुकानदार बोल रहा है कि यूपी वालों ने बंद किया है सर्वर, जब खुलेगा तब मिलेगा। वहीं बिहार के संदीप ने कहा कि वो दिल्ली में बेलदारी करते हैं, काम पर एक हफ्ते से देरी से पहुंच रहे हैं। राशन भी नहीं मिल रहा और ठेकेदार काम पर देरी से आने के पैसे भी काट रहा है, हम पर तो दोहरी मार पड़ रही है।

यूपी के ही तेजपाल ने कहा कि राशन वाला दुकान खोल रहा है, हम राशन लेने जा रहे हैं, दुकान में राशन भी है लेकिन सर्वर ना चलने के चलते मिल नहीं पा रहा।

इस बाबत कोटाधारकों की यूनियन दिल्ली सरकारी राशन डीलर्स संघ ने कहा कि हम लगातार खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आइटी शाखा से संपर्क में है। जल्द समस्या का निपटान करवाने में लगे हुए हैं। हमें विभाग द्वारा बताया गया है कि 'डाटा सेंटर' में कुछ समस्या आई है, जिसके चलते पूरे भारत का सर्वर बंद हुआ है। जांच की जा रही है जल्द समस्या का समाधान होने का आश्वासन दिया गया है।

इमारत झुकी, एमसीडी ने मकान मालिक से ढांचा गिराने को कहा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

दिल्ली के शाहदरा इलाके के गांधी नगर में चार मंजिला इमारत के अचानक एक तरफ झुक जाने के बाद उसमें रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने इमारत तुरंत खाली करवा ली। इसके साथ ही दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मकान मालिक को स्वेच्छा से ढांचा ध्वस्त करने का निर्देश दिया।

दिल्ली नगर निगम के अधिकारी ने कहा कि नगर निगम ने रविवार को मकान मालिक को ध्वस्तीकरण कार्य करने के लिए कहा है तथा ऐसा नहीं करने पर एमसीडी लागू प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई शुरू करेगी।

निगम अधिकारी के मुताबिक, शाहदरा में स्थित इमारत के अचानक झुक जाने के बाद इसे तुरंत खाली करा दिया गया। इमारत के झुकने की इस घटना के कारण आसपास रहने वाले लोगों में घबराहट फैल गई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची और एहतियात के तौर पर इलाके की घेराबंदी की।

किसी को भी इमारत के अंदर जाने की इजाजत नहीं। अधिकारी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं।

एमसीडी की एक टीम भी मौके पर पहुंची और इमारत की हालत का जायजा लिया। किसी को भी इमारत के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई है और अधिकारी आसपास रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। यह घटना पिछले हफ्ते सत्य निकेतन में लड़कों के पीजी (पेइंग गेस्ट) परिसर के तौर पर इस्तेमाल हो रही पांच मंजिला इमारत के ढहने के बाद हुई है, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी।

डूसू चुनाव : एबीवीपी ने जारी किया घोषणापत्र

सुरक्षित विद्यार्थी आवास और महिला सुरक्षा पर विशेष जोर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव (डूसू) को लेकर रविवार को अपना इस वर्ष का घोषणापत्र जारी किया। इसमें अ-आवास, भा-भागीदारी, वि-विश्वास व प-परिणाम को प्रमुख संकल्प बनाते हुए सुरक्षित आवास, महिला सुरक्षा, विद्यार्थी भागीदारी व बेहतर परिणाम को प्रमुखता दी है। इस दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी यश डबास, उपाध्यक्ष प्रत्याशी ईशू मौर्य, सचिव प्रत्याशी रिया छाबड़ी व संयुक्त सचिव पद प्रत्याशी लक्ष्यराज सिंह भी मौजूद रहे।

एबीवीपी ने कहा कि उनके कार्यकर्ता लगातार महाविद्यालयों, पीजी व छात्रावासों में विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं व अपेक्षाओं को समझ रहे हैं। सत्य निकेतन हादसे के बाद सुरक्षित विद्यार्थी आवास को मुख्य मुद्दा बनाया गया है, जिसे लगातार एबीवीपी उठाती रही है। नए छात्रावासों का निर्माण, छात्राओं के लिए पर्याप्त छात्रावास, छात्र आवास प्रकोष्ठ एवं हेल्पलाइन, पीजी एवं छात्रावासों की सुरक्षा जांच, अग्नि-सुरक्षा मानकों का प्रभावी पालन तथा स्वच्छता, पेयजल और इंटरनेट जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करना एबीवीपी ने अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया है।

पहल

दिल्ली मेट्रो पर 10 और अर्पण केंद्र जल्द खुलेंगे

लोगों ने केंद्रों में दिए 41 टन पुराने कपड़े

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 सितंबर।

दिल्ली में पुराने कपड़ों को रखने या उन्हें उचित तरीके से निपटाने की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए दिल्ली मेट्रो के अर्पण केंद्र उपयोगी विकल्प बनकर सामने आए हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली मेट्रो के अर्पण केंद्रों पर पिछले महीने शुरुआत के बाद से करीब 4,000 लोगों ने 41 टन से अधिक पुराने कपड़े जमा किए हैं और इनमें से कुछ कपड़ों का दोबारा इस्तेमाल किया जा रहा है या उन्हें कालीन, बैग, पाउच और अन्य उत्पादों में बदला जा रहा है। दिल्ली सरकार के अनुसार, यह पहल फिलहाल 10 मेट्रो स्टेशनों पर संचालित हो रही है तथा दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने जनवरी 2027 में ऐसे 10 और केंद्र खोलने का प्रस्ताव दिया है।

सबसे अधिक 9,861.40 किलोग्राम कपड़े डा बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल केंद्र पर जमा। शालीमार बाग पर 9,761.03 किलोग्राम कपड़े जमा हुए।

31 अगस्त तक 10 अर्पण केंद्रों पर कुल 3,940 लोगों ने 41,181.59 किलोग्राम कपड़े जमा कराए। इनमें सबसे अधिक 9,861.40 किलोग्राम कपड़े डा बाबा साहेब आंबेडकर अस्पताल केंद्र पर जमा हुए, जबकि शालीमार बाग केंद्र पर 9,761.03 किलोग्राम कपड़े जमा हुए। पंजाबी बाग पश्चिम में 6,534.98 किलोग्राम और शाहदरा में 6,386.08 किलोग्राम कपड़ों का संग्रह हुआ। इसके अलावा मयूर विहार-1 में 5,189.40 किलोग्राम, हौज खास में 1,680.70 किलोग्राम, द्वारका-ककरोला में 689.40 किलोग्राम, मालवीय नगर में 467.40 किलोग्राम, लाजपत नगर में 395.70 किलोग्राम और मोहन एस्टेट में 215.50 किलोग्राम कपड़े जमा हुए। पांच केंद्र तीन अगस्त को शुरू किए गए थे, जबकि अन्य केंद्र 12 और 17 अगस्त को चालू हुए। पुराने कपड़ों से तैयार उत्पादों की बिक्री भी इन केंद्रों पर की जा रही है। दस अर्पण केंद्रों से कुल 27,036 रुपए की बिक्री दर्ज की गई है।

अर्पण केंद्रों की पहुंच बढ़ाने के लिए अब 10 और केंद्र खोलने का प्रस्ताव है। ये केंद्र जनवरी 2027 में प्रस्तावित हैं। इनमें माडल टाउन, आईएनए, आईपी एक्सटेंशन, पश्चिम विहार पश्चिम, राजेंद्र प्लेस, जनकपुरी पश्चिम, राजौरी गार्डन, ग्रेटर कैलाश, द्वारका सेक्टर-10 और छतरपुर मेट्रो स्टेशन शामिल हैं।